# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/928/2026 दिनांक : 09/02/2026

## कार्यालय–आदेश

माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 07.02.2026 के अनुपालन में यह आदेश निर्गत किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षक अनुमोदन के सम्बन्ध में आयोजित की जाने वाली साक्षात्कार प्रक्रिया, जो पूर्व में विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस, विवेकानन्द परिसर में सम्पन्न करायी जाती थी, अब आई०एस०एस० संस्थान, पालीवाल परिसर, आगरा के मीटिंग हॉल में तत्काल प्रभाव से सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के अनुक्रम में प्रो० रनवीर सिंह, आई०एस०एस० संस्थान, आगरा मो0नं0 8004274589 को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षक अनुमोदन के लिए आयोजित साक्षात्कारों की तिथि एवं समय निर्धारण, साक्षात्कार कार्यवाही के समन्वय एवं पर्यवेक्षण तथा साक्षात्कार के समय उपस्थित रहने हेतु प्रभारी के रूप में नामित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, शिक्षक अनुमोदन हेतु आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में जमा किये जाने वाले शुल्क में आंशिक संशोधन करते हुए यह निर्धारित किया जाता है कि अब सम्बन्धित स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों द्वारा साक्षात्कार शुल्क रु० 5000/– (पाँच हजार मात्र) तथा जी०एस०टी० रु० 900/– (नौ सौ मात्र), इस प्रकार कुल रु० 5900/– (पाँच हजार नौ सौ मात्र) प्रति दिवस के आधार पर नियमानुसार शुल्क विश्वविद्यालय के खाता संख्या 50371353938, आई०एफ०एस० कोडः IDIB000A528 इण्डियन बैंक, पालीवाल पार्क, आगरा में जमा कर उसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

यह आदेश साक्षात्कार प्रभारी, सम्बन्धित अधिकारियों तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही एवं सुनिश्चित अनुपालन हेतु निर्गत किया जाता है।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. वित्त अधिकारी, डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. परीक्षा नियंत्रक, डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. प्रो० संतोष बिहारी शर्मा, प्रभारी गेस्ट हाउस, डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. प्रो० रनवीर सिंह, आई०एस०एस० संस्थान, आगरा
5. प्रभारी, कुलपति सचिवालय – माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
6. सचिव/प्रबन्धक एवं प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित की साक्षात्कार हेतु समय, तिथि निर्धारित होने के उपरान्त अधीक्षक–सम्बद्धन को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।
7. ऐजेन्सी – इस निर्देश के साथ कि सूचना समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett